हरिभूमि
रोहतक भूमि
तापमान अधिकतम 36.7°c / न्यूनतम 23.0°c
रोहतक, शनिवार 3 अक्टूबर 2026





गोल्ड जीतते ही मां बोली- बेटी ने रच दिया इतिहास, भगवान का धन्यवाद

संघर्षों को अपने दमदार पंचों से हराने वाली परवीन हुड्डा की जीत पर गांव में बजे ढोल, आतिशबाजी से मनाया जश्न, रोहतक में भी खुशी की लहर

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

एशियन गेम्स के रिंग में रोहतक की होनहार बॉक्सर परवीन हुड्डा ने अपने दमदार और आक्रामक पंचों की बदौलत देश के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया है। दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक्स की मेडलिस्ट को शिकस्त देकर यह ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली परवीन की इस सफलता से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे रोहतक और हरियाणाभर में खुशी की लहर दौड़ गई है। जीत के तुरंत बाद से ही उनके पैतृक आवास पर बधाई देने वाले ग्रामीणों, रिश्तेदारों और खेल प्रेमियों का तांता लगा हुआ है। मैच जीतते ही मां ने सबसे पहले भगवान का धन्यवाद किया।

ऐतिहासिक मुकाबला खत्म होने के महज 20 मिनट बाद ही परवीन ने अपनी मां नीलम को वीडियो कॉल किया। फोन पर गर्व से चमकते चेहरे के साथ परवीन ने कहा, मां! मैंने गोल्ड मेडल जीत लिया है। भावुक मां ने जवाब दिया कि उन्होंने पूरा मैच लाइव देखा है और कहा, ऐसे ही पंच चलाती रह बेटा, अभी और भी बड़े मेडल जीतने हैं। -पेज 12 भी देखें



देश के लिए कुछ कर पाने की खुशी शब्दों से परे

मीडिया से बातचीत में परवीन ने इसे अपने जीवन का सबसे प्राउड मोमेंट बताया और कहा कि देश के लिए कुछ कर पाने की खुशी शब्दों से परे है। वीडियो कॉल पर मां ने बेटी से कहा कि इतने बड़े मुकाम (गोल्ड मेडल) की उम्मीद थी क्योंकि पूरा हरियाणा इसका इंतजार कर रहा था, बेटी जवाब देती हैं कि मुकाबला काफी कठिन था क्योंकि उनकी प्रतिद्वंद्वी दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक्स की मेडलिस्ट हैं।

दो एकड़ जमीन, कैंसर से जूझते पिता और संघर्ष की दास्तान

इस चमकते हुए गोल्ड मेडल के पीछे एक बेहद संघर्षपूर्ण और प्रेरणादायक कहानी छिपी है। परवीन के माता-पिता बताते हैं कि उनके पास आजीविका के लिए केवल दो एकड़ कृषि भूमि है। उनके पिता किसान हैं और पिछले दो वर्षों से गंभीर कैंसर के साथ-साथ हृदय रोग (हार्ट पेशेंट) से भी पीड़ित हैं। इसके बावजूद पिता और पूरे परिवार ने हिम्मत नहीं हारी। घर चलाने और खेल का खर्च उठाने के लिए उन्होंने भैंसें रखीं, दूध बेचा और हरसंभव तरीके से संघर्ष किया। परवीन के शुरुआती दिनों को याद करते हुए परिवार बताता है कि कई बार बॉक्सिंग ग्लव्स और जरूरी सामान खरीदने के लिए भी पैसों का इंतजार करना पड़ता था। परवीन खुद कहती थी कि जब दूध के पैसे मिलेंगे या जब पापा व्यवस्था करेंगे, तब उसके लिए नए ग्लव्स लाए जाएंगे। बीमारी और आर्थिक तंगी के बावजूद पिता ने हार नहीं मानी और बेटी को देश का नाम रोशन करने वाला एक बेहतरीन खिलाड़ी बना दिया।

भव्य स्वागत की तैयारी, खिलाया जाएगा चूरमा

मां नीलम ने बताया कि पूरे गांव को परवीन की क्षमता पर अटूट विश्वास था। मैच के दौरान दूर-दूर से और बाहर गए लोगों के फोन लगातार आ रहे थे कि बेटी का मैच कितने बजे है और क्या वह मेडल जीतकर लाएगी। अब बेटी के स्वर्ण पदक के साथ लौटने पर पूरे गांव में बेहद उत्साह का माहौल है। रोहतक पहुंचने पर परवीन का भव्य और धूमधाम से स्वागत किया जाएगा, जिसकी तैयारियां गांव वालों ने अभी से शुरू कर दी हैं। परंपरा के अनुसार, इस ऐतिहासिक जीत की खुशी में चैंपियन बेटी का स्वागत विशेष तौर पर पारंपरिक चूरमा खिलाकर किया जाएगा।

म्हारी छोरी ने घी खा राख्या सै, सोना तै जीतणा ए था

मुकाबला बेहद रोमांचक और कांटे की टक्कर का रहा। परिवार के सदस्य और अड़ोस-पड़ोस के लोग सांसें थामकर टीवी स्क्रीन पर मैच देख रहे थे। पहला राउंड परवीन ने अपने नाम किया, तो वहीं दूसरे राउंड में विपक्षी खिलाड़ी ने वापसी करते हुए जीत दर्ज की। इसके बाद अंतिम और निर्णायक राउंड में परवीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। जब फाइनल राउंड जीतने के बाद परवीन को विजेता घोषित किया तो एक पड़ोसी ने कहा म्हारी म्हारी छोरी ने घी खा राख्या सै सोना तै जीतणा ए था। परवीन के घर पर उनकी तस्वीर के साथ लगा 'टारगेट ओलंपिक' का फोटो फ्रेम उनकी इस सफलता की गवाही दे रहा है। मां ने बताया कि यह फ्रेम उनकी मौसी ने तैयार किया था, और बेटी ने एशियन गेम्स में मेडल जीतकर अपने उस बड़े लक्ष्य की तरफ पहला अहम कदम बढ़ा दिया है, जिसकी शुरुआत अभी और आगे तक जानी है।



कॉमनवेल्थ में मेडल न जीत पाने का मलाल

परवीन वर्तमान में कोच दीपक छिक्कारा के पास अभ्यास करती है। कोच दीपक छिक्कारा ने विजेता खिलाड़ी को बधाई दी। उन्होंने बताया कि वह कॉमनवेल्थ में मेडल नहीं जीत पाई थी इसका उसे काफी मलाल था। मैच से पहले बात हुई तब कहा था कि चीनी ताइपे खिलाड़ी से थोड़ा दूर रहकर खेलना है। परवीन ने वैसा ही किया। मैच जीतने के बाद ही खुशी के मारे परिवार के सदस्य और पड़ोसियों ने बम पटाखे चलाए।

शहर में आज

- वार्ड-18 में नगर निगम की तरफ से स्वच्छता अभियान सुबह 8 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- पीजीआई में दो दिवसीय ब्रेस्ट कैंसर पर मंथन सुबह 11 बजे से

खबर संक्षेप

बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने महाबीर पार्क लाइब्रेरी के बाहर से बाइक चोरी की वारदात को सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद की है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बाइक चोरी की एक अन्य वारदात का भी खुलासा किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि गांव माडौदी जाटान निवासी आनंद की शिकायत पर थाना आर्य नगर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। शिकायत के अनुसार 28 सितंबर 2026 को आनंद ने अपनी बाइक महाबीर पार्क लाइब्रेरी के बाहर खड़ी की थी। वापस लौटने पर बाइक वहां नहीं मिली। अज्ञात व्यक्ति बाइक चोरी कर फरार हो गया था। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक रजनीश द्वारा की गई। जांच के दौरान पुलिस ने 1 अक्टूबर को अमन पुत्र नीरज निवासी गांव गांगटान, जिला झज्जर को गिरफ्तार किया। आरोपी से चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली गई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने एक अन्य बाइक चोरी की वारदात का भी खुलासा किया। आरोपी ने सिविल लाइन थाना क्षेत्र से बाइक चोरी करना स्वीकार किया है। इस संबंध में थाना सिविल लाइन रोहतक में पहले से अभियोग दर्ज है। मामले की जांच जारी है।

एडवोकेट प्रदीप नारा सुसाइड केस: पुलिस ने गठित की जांच टीमें

सभी नामजद आरोपी हुए फरार दूसरे राज्यों में तलाश रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम की पूर्व पार्षद दीपिका नारा के पति एडवोकेट प्रदीप नारा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। पिता की शिकायत और कार से मिले सुसाइड नोट के आधार पर केस दर्ज होने के बाद नामजद सभी आरोपी फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने अलग-अलग टीमें गठित की हैं। टीमें आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं और जरूरत पड़ने पर दूसरे राज्यों में भी छापेमारी की जाएगी। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर पूछताछ की जाएगी, जिसके बाद मामले से जुड़े कई अहम तथ्य सामने आने की उम्मीद है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच के लिए टीमें बनाई हैं। इन टीमों को नामजद आरोपियों के संभावित ठिकानों, उनके संपर्कों और आवाजाही से जुड़ी जानकारी जुटाने का काम सौंपा गया है। पुलिस तकनीकी और स्थानीय स्तर पर मिली सूचनाओं के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, यदि आरोपी हरियाणा से बाहर होने की पुष्टि होती है तो संबंधित राज्यों में भी पुलिस टीमों को भेजकर कार्रवाई की जाएगी।



2.88 करोड़ की पेमेंट विवाद की भी होगी पड़ताल

जांच में प्रदीप नारा की कंपनी के निर्माण कार्यों और करीब 2.88 करोड़ रुपये की कथित बकाया पेमेंट का मुद्दा भी अहम है। शिकायत के मुताबिक, उनकी कंपनी ने हरियाणा और मध्यप्रदेश में सड़क व भवन निर्माण से जुड़े काम किए थे। पिता देवेंद्र नारा ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों की ओर से बिलों का भुगतान नहीं किया गया और रकम मांगने पर प्रदीप पर दबाव बनाया गया। पुलिस अब निर्माण कार्यों के दस्तावेज, बिल, भुगतान का रिकॉर्ड और संबंधित पक्षों के बीच हुए लेन-देन की जानकारी जुटाएगी, ताकि विवाद की वास्तविक स्थिति सामने आ सके।

मध्यप्रदेश की घटना की भी जांच करेगी पुलिस

शिकायत में दिसंबर 2025 में मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ क्षेत्र में प्रदीप के साथ कथित तौर पर हुई घटना का भी उल्लेख किया गया है। पिता ने आरोप लगाया है कि पैसों के विवाद को लेकर उसे होटल से ले जाकर जंगल की तरफ ले जाया गया था। पुलिस इस आरोप की भी स्वतंत्र रूप से जांच करेगी और यह पता लगाएगी कि घटना के संबंध में कोई रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज, होटल दस्तावेज या अन्य साक्ष्य उपलब्ध हैं या नहीं।

सुसाइड नोट की सामग्री जांच का अहम हिस्सा

प्रदीप की कार से बरामद सुसाइड नोट को पुलिस जांच में महत्वपूर्ण साक्ष्य के तौर पर देख रही है। पुलिस नोट में लिखी बातों का सत्यापन शिकायत में लगाए गए आरोपों और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों से करेगी। इसके अलावा चेक बाउंस, संपत्ति विवाद और आर्थिक लेन-देन से जुड़े पहलुओं को भी जांच में शामिल किया गया है।

पूछताछ के बाद तथ्यों के आधार पर होगी कार्रवाई

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उनसे आमने-सामने पूछताछ की जाएगी। पूछताछ में निर्माण कार्यों की पेमेंट, पैसों के लेन-देन, प्रदीप के साथ बताए गए विवादों और सुसाइड नोट में सामने आए तथ्यों को लेकर सवाल किए जाएंगे। पूरी जांच-पड़ताल में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मदवि के गेट नंबर-2 के पास हादसा

ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से एलएलएम के छात्र की मौत

- ऑफिसर कॉलोनी के पास रात में हुआ हादसा
- पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान तोड़ा दम
- परिजनों ने संचालकों के खिलाफ दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में एलएलएम की तैयारी कर रहे 24 वर्षीय युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक रात के समय मदवि के गेट नंबर-2 के पास ऑफिसर कॉलोनी के नजदीक ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे के बाद उसे उपचार के लिए पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर लाया गया, लेकिन चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में मातम पसर गया। परिजनों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी संचालकों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। मृतक की पहचान अतुल कुमार पुत्र शमशेर सिंह, उम्र करीब 24 वर्ष, निवासी ककरोली हाली, जिला भिवानी के रूप में हुई है। अतुल रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में एलएलएम की तैयारी कर रहा था। बताया गया है कि वह विश्वविद्यालय के आसपास ही अपनी पढ़ाई के सिलसिले में रहता था।



लोगों ने पहुंचाया अस्पताल

पुलिस को 2 अक्टूबर को पीजीआई से सूचना मिली कि हादसे में घायल अतुल को ट्रॉमा सेंटर लाया गया है। हादसा मदवि गेट नंबर-2 के निकट ऑफिसर कॉलोनी के पास हुआ। अतुल ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुआ था। आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया।

परिजनों ने दी शिकायत

अतुल की मौत के बाद उसके परिजन अस्पताल पहुंचे और पुलिस को शिकायत दी। परिजनों ने हादसे के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस शिकायत और हादसे से जुड़े तथ्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

हादसे की जांच में जुटी पुलिस

पुलिस द्वारा मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर हादसे के कारणों तथा जिम्मेदारी से जुड़े तथ्यों को स्पष्ट किया जाएगा। पुलिस घटनास्थल और आसपास की परिस्थितियों की भी जांच कर रही है।

किलोमीटर स्कीम की बसों का ठेका समाप्त कर नियमित बेड़े में शामिल करने की मांग

- हिसार हादसे का हवाला दे कहा- लीज बसों की वजह से प्रभावित हो रही सरकारी रोडवेज बसों की छवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने किलोमीटर स्कीम के तहत संचालित



बसों को लेकर सवाल उठाए हैं। यूनियन के राज्य प्रधान निशान सिंह, राज्य महासचिव जयवीर घणघस और डिपो प्रधान सुरेश नेहरा ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि किलोमीटर स्कीम की बसों से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि इन बसों पर ठेके के आधार पर चालक नियुक्त किए जाते हैं और कई चालक पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित नहीं हैं। यूनियन नेताओं ने कहा कि किलोमीटर स्कीम के तहत चलने वाली बसों का रंग-रूप हरियाणा रोडवेज की सरकारी बसों जैसा होने के कारण आम लोगों में यह भ्रम पैदा होता है कि हादसा सरकारी रोडवेज बस के चालक से हुआ है। इससे प्रशिक्षित सरकारी चालकों की छवि प्रभावित होने के साथ ही विभाग की साख पर भी असर पड़ता है।

बसें निजी, लेकिन बदनामी रोडवेज की

उन्होंने हिसार में हुए हालिया सड़क हादसे का उल्लेख करते हुए कहा कि उसमें भी लीज बस शामिल थी। यूनियन का कहना है कि हादसों के बाद बदनामी हरियाणा रोडवेज की होती है, जबकि बसें निजी संचालकों की होती हैं। इस मुद्दे को लेकर सरकार को कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं। उन्होंने मांग की कि किलोमीटर स्कीम का ठेका समाप्त कर इन बसों को रोडवेज के नियमित बेड़े में शामिल किया जाए तथा बसों पर नियमित और प्रशिक्षित सरकारी चालकों की नियुक्ति की जाए। उन्होंने कहा कि इससे यात्रियों की सुरक्षा के साथ विभाग की विश्वसनीयता भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

फ्री जू का ऑफर, तिलियार लेक पर उमड़ा सैलाब

रोहतक। तिलियार लेक स्थित जू में 1 अक्टूबर से प्रवेश निशुल्क किए जाने के बाद पर्यटकों की संख्या में अचानक भारी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। शुक्रवार को तिलियार लेक और जू में हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचे। शुक्रवार को सुबह से ही शहर और आसपास के क्षेत्रों से पर्यटकों का पहुंचना शुरू हो गया था। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, तिलियार लेक परिसर में भीड़ बढ़ती गई। तिलियार परिसर में मौजूद पार्किंग में वाहनों की संख्या बढ़ने के बाद पार्किंग पूरी तरह फुल हो गई। इसके बाद कई वाहन सड़क के आसपास खड़े दिखाई दिए, जिससे दिल्ली रोड पर भी यातायात का दबाव बढ़ गया। बड़ी संख्या में कारों और अन्य वाहनों के तिलियार की ओर आने के कारण सड़क पर वाहनों की रफ्तार प्रभावित हुई और कई जगह जाम जैसी स्थिति बनी रही। तिलियार जू में 1 अक्टूबर से प्रवेश शुल्क नहीं लिया जा रहा है।



चहल-पहल बढ़ी

पर्यटकों ने जू में वन्यजीवों को देखने के साथ तिलियार लेक के आसपास समय बिताया। बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। पर्यटकों की बढ़ती संख्या से तिलियार परिसर में चहल-पहल बढ़ गई। निशुल्क प्रवेश की सुविधा से आने वाले दिनों में भी तिलियार में पर्यटकों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

लापरवाही एमडीयू गेट नंबर-2 से मेडिकल मोड़ तक नई सड़क के किनारे उखड़ने लगे, विभागों में तालमेल पर उठे सवाल

बनते ही पाइपलाइन डालने के लिए किनारों से खोदी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में सड़क निर्माण और विकास कार्यों के बीच विभागों के आपसी तालमेल की कमी का खामियाजा नई बनी सड़क को भुगतना पड़ रहा है। एमडीयू के गेट नंबर-2 से हिसार रोड स्थित गांव बहुअकबरपुर के खाटू श्याम मंदिर तक 16 किमी से लंबी सड़क के मजबूतीकरण यानी कायाकल्प का कार्य शुरू किया गया है। सड़क निर्माण कार्य को अभी एक सप्ताह भी पूरा नहीं हुआ कि इसके किनारों पर पानी की पाइपलाइन डालने के लिए दोबारा जेसीबी चलनी शुरू हो गई है। इससे नई सड़क के किनारे उखड़ने लगे हैं।

सड़क की मजबूती पर भी सवाल

दरअसल, एमडीयू गेट नंबर-2 से मेडिकल मोड़ तक जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से पानी की पाइपलाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। पाइपलाइन दबाने के लिए सड़क के किनारों पर जेसीबी से खोदाई की जा रही है। जहां सड़क का निर्माण पूरा होने के बाद लोगों को बेहतर और मजबूत सड़क मिलने की उम्मीद थी, वहीं अब सड़क के ठीक किनारे दोबारा खोदाई होने से इसकी मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मौके की स्थिति यह है कि पाइपलाइन डालने के लिए सड़क के किनारे खोदे गए हिस्से में मिट्टी हटाई जा रही है। कई स्थानों पर नई सड़क का किनारा भी प्रभावित हुआ है और सड़क उखड़ने लगी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब इस मार्ग पर सड़क के कायाकल्प का कार्य प्रस्तावित था तो पानी की पाइपलाइन डालने का कार्य उससे पहले क्यों नहीं कराया गया। यदि पाइपलाइन का कार्य पहले पूरा कर लिया जाता तो नई सड़क को दोबारा खोदने की जरूरत नहीं पड़ती और सड़क की गुणवत्ता भी प्रभावित होने से बच सकती थी।



एक सप्ताह पहले हुआ था निर्माण कार्य का उद्घाटन

एमडीयू गेट नंबर-2 से बहुअकबरपुर स्थित खाटू श्याम मंदिर तक जाने वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग के मजबूतीकरण कार्य का उद्घाटन करीब एक सप्ताह पहले ही उपायुक्त की ओर से किया गया था। सड़क के कायाकल्प से लोगों को लंबे समय तक बेहतर आवागमन सुविधा मिलने की उम्मीद थी। लेकिन सड़क बनने के तुरंत बाद ही पाइपलाइन के लिए खोदाई शुरू होने से निर्माण कार्यों की योजना और विभागों के बीच समन्वय को लेकर सवाल उठने लगे हैं। एक तरफ सड़क निर्माण पर सरकारी राशि खर्च की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ उसी सड़क के किनारे पाइपलाइन डालने के लिए खोदाई की जा रही है। ऐसे में सड़क को नुकसान पहुंचने पर उसकी मरम्मत के लिए दोबारा संसाधन और राशि खर्च होने की स्थिति बन सकती है। इससे सरकारी धन के दोहरे इस्तेमाल की आशंका भी पैदा होती है।

आपसी समन्वय से बनानी चाहिए थी रोड

स्थानीय लोगों का कहना है कि विकास कार्यों को अलग-अलग तरीके से करने के बजाय सभी संबंधित विभागों को पहले आपस में समन्वय बनाना चाहिए। सड़क निर्माण से पहले यदि पाइपलाइन, सीवर या अन्य भूमिगत कार्यों की जानकारी लेकर उन्हें पूरा कर लिया जाए तो नई सड़कों को दोबारा खोदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। लोगों ने मांग की है कि पाइपलाइन डालने के बाद सड़क किनारों को निर्धारित मानकों के अनुसार मजबूती से बहाल किया जाए, ताकि नई सड़क जल्द खराब न हो।

मानसरोवर पार्क के पास से चुराई बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने मानसरोवर पार्क के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को सुलझाते हुए मामले में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि गांव बहलबा निवासी नवीन की शिकायत पर थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। शिकायत के अनुसार नवीन ने 29 अगस्त को अपनी मोटरसाइकिल मानसरोवर पार्क के बाहर खड़ी की थी। कुछ समय बाद वापस लौटने पर मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली। इस संबंध में अज्ञात युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच मुख्य सिपाही योगेश द्वारा की गई। जांच के दौरान



पुलिस ने 1 अक्टूबर को मनीष पुत्र जगदीश निवासी दुजाना, जिला झज्जर और शेरसिंह पुत्र राजेंद्र निवासी बदानी, जिला झज्जर को गिरफ्तार किया।

अप्रूव्ड होने के एक साल बाद भी वेयर हाउस कॉलोनी बदहाल

कच्ची गलियां, चार दिन में एक बार पेयजल आपूर्ति, सीवरेज का अभाव

■ मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर नगर पालिका कार्यालय में दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

रोहतक रोड स्थित वेयर हाउस कॉलोनी को नगर पालिका द्वारा करीब एक वर्ष पहले अप्रूव्ड घोषित किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। कॉलोनी की गलियां अभी तक कच्ची हैं, पेयजल की आपूर्ति नियमित नहीं है और गंदे पानी की निकासी के लिए उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी में सीवरेज व्यवस्था भी नहीं है। मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर कॉलोनीवासियों ने नगर पालिका कार्यालय में शिकायत दी है। इस संबंध में उन्होंने नगर पालिका उपप्रधान बसंत लाल गिरधर को एक ज्ञापन सौंपा है। स्थानीय निवासी कुलदीप बल्हारा ने कहा कि कॉलोनी को मंजूरी मिले करीब एक वर्ष हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद विकास कार्य अपेक्षित गति से नहीं हुए हैं। कच्ची गलियों के कारण लोगों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ रही है। सुभाष शर्मा ने कहा कि पेयजल की समस्या गंभीर है। उनके अनुसार करीब चार दिन में पानी की सप्लाई आने से लोगों को पानी का भंडारण करके रखना पड़ता है। नियमित पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की जानी चाहिए। साधुराम ने कहा कि कॉलोनी में गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। पानी की निकासी नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी होती है और समस्या का स्थायी समाधान जरूरी है। खेमचंद ने कहा कि एप्रूव्ड कॉलोनी में सड़क, पानी और सीवरेज जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। कॉलोनी को मंजूरी मिलने के बाद लोगों को विकास कार्यों की उम्मीद थी, लेकिन अभी भी कई समस्याएं बनी हुई हैं। सुरेश कुमार ने कहा कि कच्ची गलियों के कारण बारिश के समय समस्या और बढ़ जाती है। प्रशासन को कॉलोनी की गलियों को जल्द पक्का करवाना चाहिए। अजय ने कहा कि कॉलोनी में सीवरेज व्यवस्था नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित विभाग से सीवरेज और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था करवाने की मांग की। सचिन ने कहा कि कॉलोनीवासियों को नियमित पेयजल, पक्की गलियों और गंदे पानी की निकासी जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कर समस्याओं का समाधान करवाने की मांग की।



महम। नगर पालिका कार्यालय में उपप्रधान बसंत लाल गिरधर को ज्ञापन देते वेयर हाउस कॉलोनी के लोग। फोटो : हरिभूमि

प्रशासन से निरीक्षण की लगाई गुहार

कॉलोनीवासियों ने नगर पालिका और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि वेयर हाउस कॉलोनी का मौके पर निरीक्षण कर यहां की समस्याओं का जायजा लें। लोगों ने कच्ची गलियों को पक्का करवाने, नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था करने तथा सीवरेज सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि कॉलोनी को एप्रूव्ड हुए एक वर्ष बीत चुका है, इसलिए अब मूलभूत सुविधाओं के लिए उन्हें और इंतजार नहीं करवाया जाना चाहिए।

हरियाणा की जनता अब हुड्डा परिवार के बहकावे में आने वाली नहीं : ग्रोवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि प्रदेश की जनता विकास, पारदर्शिता और सुशासन से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दे रही है। सेवा संकल्प अभियान के तहत ब्राह्मणवास, किलोई और काहनी में आयोजित नमो सेवा गाथा नुक्कड़ नाटक कार्यक्रमों में उन्होंने कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधा। ग्रोवर ने आरोप लगाया कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके सांसद बेटे चुनाव के समय ही जनता के बीच आते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने कार्यकाल के दौरान विकास कार्यों और उपलब्ध कराई राशि के उपयोग का हिसाब जनता के सामने रखना चाहिए। कांग्रेस की आंतरिक राजनीति का उल्लेख करते कहा कि पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेता अलग-अलग अवसरों पर हुड्डा के नेतृत्व और कार्यशैली को लेकर सवाल उठा चुके हैं। ईवीएम और वोट चोरी को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर ग्रोवर ने कहा कि चुनाव में जनादेश जनता के मत से तय होता है और राजनीतिक दलों को जनादेश का सम्मान करना चाहिए। नवीन ढुल, खुशीराम हुड्डा, नवीन शर्मा, कुलदीप आसन, रवि हुड्डा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, भाजपा नेता सतीश नांदल व अन्य ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

जाट समाज पर अमर्यादित टिप्पणी मामले में सर्वसमाज की बैठक आज

महम। जाट समाज पर अमर्यादित टिप्पणी मामले में शुक्रवार 3 अक्टूबर को सुबह दस बजे महम के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में सर्व समाज की एक बैठक बुलाई गई है। यह बैठक मोखरा तपा के प्रधान रामकिशन मलिक ने बुलाई है। डॉ. ओ.पी. चिटकारा द्वारा जाट समाज पर की गई अमर्यादित टिप्पणी का विवाद अब पूरी तरह निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। बंद कमरे की माफी को लेकर उपजे जनआक्रोश के बाद अब क्षेत्र के तपाधारी प्रमुख भी पूरी तरह सख्त रुख अपना चुके हैं। मोखरा तपा के प्रधान रामकिशन मलिक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कल शनिवार को महम के रेस्ट हाउस में पूरे हलके के मौजिज व प्रबुद्ध लोगों की एक अति-आवश्यक बैठक बुलाई है। मोखरा तपा के प्रधान रामकिशन मलिक ने स्पष्ट और कड़े शब्दों में कहा कि यह विवाद किसी एक या दो व्यक्तियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज के मान-सम्मान और स्वाभिमान से जुड़ा मुद्दा है। कहा कि जब मामला पूरे समुदाय का है, तो इसका फैसला या समाधान भी पूरे समाज की सहमति और उपस्थिति में ही होगा।

ग्राम सभाओं में 2027 तक गांवों के विकास का मैप तैयार, कई एजेंडे पास

सांपला। गांधी जयंती के अवसर पर गुरुवार को सांपला खंड के विभिन्न गांवों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं में वर्ष 2027 तक गांवों के समग्र विकास के लिए कार्ययोजना तैयार करने के साथ विभिन्न विकास कार्यों से जुड़े कई एजेंडे पारित किए गए। ग्राम सभाओं में स्वच्छता व्यवस्था, गंदे पानी की निकासी एवं प्रबंधन, अमृत सरोवरों के रखरखाव, गांवों को नशामुक्त बनाने, सामाजिक पेंशन के लाभार्थियों का सत्यापन, बाल विवाह पर रोक तथा ठोस कचरा प्रबंधन जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके अलावा परिवार पहचान पत्र से संबंधित कार्यों, सरकारी भवनों के रखरखाव और गांवों में पेयजल प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए भी प्रस्ताव पारित किए गए। ग्राम सभाओं में पंचायत विभाग के अधिकारी और सचिव मौजूद रहे तथा ग्रामीणों से विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर सुझाव लिए गए। बैठक में गांव की जरूरतों के अनुसार आगामी विकास कार्यों की प्राथमिकताएं तय करने पर जोर दिया गया। हालांकि, ग्राम सभाओं में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही। अधिकारियों ने ग्रामीणों से विकास योजनाओं और सरकारी सुविधाओं से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की।



सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य शासन-प्रशासन को लोगों के घर-द्वार तक पहुंचाना : उपायुक्त

रोहतक। हरियाणा सरकार के सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को कलानौर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय परिसर में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लोगों को मौके पर ही योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की। उपायुक्त सतबीर सिंह ने बताया कि शिविर में पहुंचने वाले लोगों की पात्रता की जांच कर संबंधित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई मौके पर ही की जा रही है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों का सुधार, नए राशन कार्ड, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा और कृषि संबंधी योजनाओं से जुड़े मामलों में सहायता उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा बिजली, पानी और राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों को भी शिविर में सुना गया तथा उनके समाधान की प्रक्रिया शुरू की गई। उपायुक्त ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य शासन और प्रशासन को लोगों के द्वार तक पहुंचाना है, ताकि पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

वार्ड 6 और 14 में चला विशेष सफाई अभियान

■ सेवा संकल्प अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों, गलियों और बाजार में करवाई सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम की ओर से ''सेवा संकल्प अभियान'' के तहत विभिन्न वार्डों में विशेष सफाई अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 6 और 14 में वार्ड सदस्यों तथा स्थानीय नागरिकों के सहयोग से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों, गलियों, बाजार क्षेत्रों और आसपास के स्थानों की सफाई करवाई गई। नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र दुहन ने बताया कि अभियान के तहत सफाई कर्मचारियों और संबंधित टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में जमा कूड़े को उठवाने के साथ-साथ गंदगी वाले स्थानों की विशेष रूप से सफाई करवाई। आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों और अन्य सफाई संसाधनों का भी उपयोग किया गया, ताकि संबंधित क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। सेवा संकल्प अभियान'' का उद्देश्य केवल विशेष अभियान चलाकर सफाई करवाना नहीं है, बल्कि शहरवासियों में स्वच्छता के प्रति स्थायी जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने में प्रशासन के साथ-साथ नागरिकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि घरों और प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कूड़े को खुले स्थानों, सड़कों और गलियों में न डालें। कूड़ा केवल नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डालें, ताकि शहर में जगह-जगह कूड़ा जमा होने की समस्या को रोका जा सके।





अभियान तेज होगा

नगर निगम आयुक्त ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था की निरंतर निगरानी भी की जाएगी, ताकि सफाई कार्यों में किसी तरह की कमी न रहे।

ग्रामीणों को दी सीनियर सिटीजन एक्ट की जानकारी



महम। विधिक सेवा समिति द्वारा विश्व वृद्ध दिवस मनाया गया। इस मौके पर सीसर खास गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। एडवोकेट जितेंद्र सैनी ने बताया कि यह कार्यक्रम विधिक सेवा समिति महम के चैयरमैन एवं स्थानीय जज अमित श्योराण के आदेश पर किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को सीनियर सिटीजन एक्टस 2007 की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया कि किस तरह यह कानून बुजुर्गों के अधिकारों की की रक्षा करता है। जितेंद्र सैनी ने बताया कि बुजुर्गों की शिकायत पर अधिकारी जल्द कार्रवाई करते हैं। इस मौके पर प्रिंसिपल प्रभा सिवाच, हैडमास्टर जसबीर सिंह, सुनील कुमार व दीपक मौजूद थे।

ग्राम पंचायत मदीना गिंधराण में ग्राम सभा



महम। शुक्रवार को ग्राम पंचायत मदीना गिंधराण में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा के दौरान महम के एसडीएम विपिन कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते ग्राम सभा की लोकतांत्रिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कहा कि ग्राम सभाएं गांव के विकास और स्थानीय समस्याओं के समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम हैं तथा इनके सशक्त होने से ग्रामीण स्तर पर लोकतांत्रिक भागीदारी और मजबूत होती है। एसडीएम विपिन कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी ने ग्राम स्वराज की परिकल्पना की थी। ग्राम स्वराज का वास्तविक अर्थ केवल पंचायत की व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका मूल भाव ग्राम सभा में दिखाई देता है, जहां गांव के लोग एक साथ बैठकर गांव से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श करते हैं।

मतदाता अधिकारों की सुरक्षा के लिए डी-पार्क में शांति सभा

■ मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नागरिक मंच के तत्वावधान में गांधी जयंती के अवसर पर डी-पार्क में मतदाता अधिकारों की सुरक्षा को लेकर शांति सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त सर्जन डॉ. रणबीर सिंह दहिया ने की, जबकि संचालन नागरिक मंच के संयोजक लाभ सिंह हुड्डा ने किया। नरेंद्र चाहर ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश में कई बदलाव हुए हैं। चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर की प्रक्रिया संविधान और जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत संचालित की जा रही है। रमणीक मोहन ने कहा कि महात्मा गांधी सभी नागरिकों को बिना भेदभाव मतदान का अधिकार देने के पक्षधर थे। सीटू से कॉमरेड सुरेंद्र ने चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर आपत्ति जताई और लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए जनआंदोलन की जरूरत बताई। कृषि विशेषज्ञ राजेंद्र चौधरी ने एसआईआर प्रक्रिया के प्रभाव पर चिंता जताई। कहा कि प्रक्रिया का उद्देश्य भले कुछ लोगों के नामों की जांच करना बताया जा रहा हो, लेकिन इसका असर व्यापक स्तर पर पड़ सकता है। इस मौके पर गुलाब सिंह और सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मुकेश यादव ने रागिनी प्रस्तुत की। किसान सभा से सुमित, सरोज मलिक, शमशेर मलिक, निशा, वीणा मलिक, छात्र नेता मंजीत, शैली सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।



धर्म और सेवा का संगम, कथा में उमड़े श्रद्धालु, 48 यूनिट रक्तदान

■ कृष्ण की बाल लीलाओं से लें प्रेरणा, मोबाइल छीन रहा बच्चों का बचपन : आचार्य देशमुख वशिष्ठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के मदन लाल ढींगड़ा कम्युनिटी सेंटर में शुक्रवार को धर्म और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। एक ओर पंचम दिवसीय कथा में आचार्य देशमुख वशिष्ठ ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से प्रेरणा लेने का संदेश दिया, वहीं दूसरी ओर मानव कल्याण सोसाइटी के रक्तदान शिविर में 48 यूनिट रक्तदान कर समाजसेवा की मिसाल पेश की गई। कथा के दौरान आचार्य देशमुख वशिष्ठ ने कहा कि कान्हा के जीवन में बाल्यकाल से ही संघर्ष आए, लेकिन उन्होंने दृढ़ता से हर बाधा पार की। उन्होंने चिंता जताई कि आज मोबाइल बच्चों का बचपन छीन रहा है, जिससे तनाव व स्ट्रेस बढ़ रहा है। कृष्ण की लीलाएं सुनना युवाओं के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने कंस-योगमाया प्रसंग से अहंकार त्यागने की सीख दी। कथा में श्री सुभाष चुघ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। माखन चोरी की लीला का बखान करते हुए उन्होंने भगवान कृष्ण के बाल रूप का सुंदर प्रकार से वर्णन किया। गोवर्धन पूजा की कथा अनुसार एक बार देव राज इंद्र को अपनी शक्तियों पर बहुत ज्यादा घमंड हो गया था।



नशा मुक्ति के लिए निकलेगी सेवा संकल्प अभियान यात्रा



रोहतक। समाज में बढ़ती नशे की समस्या और युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से परम पूज्य सैनाचार्य भारत स्वामी नरेशानन्द महाराज, पीठाधीश्वर सैन भक्ति सिद्ध पीठ आश्रम, शुक्रताल तीर्थ के मार्गदर्शन में "सेवा संकल्प–नशा मुक्ति अभियान यात्रा" का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा की शुरुआत 2 अक्टूबर को 12 बजे पानीपत के गोहाना मोड़ से होगी। अभियान में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, समाजसेवियों तथा रामानुज पवन परिवार सहित अन्य लोगों का सहयोग रहेगा। आयोजकों के अनुसार यात्रा का उद्देश्य नशे के दुष्प्रभावों को लेकर आमजन में जागरूकता पैदा करना और युवाओं को नशे से बचाने के लिए सामाजिक स्तर पर अभियान को मजबूत करना है।

एमडीयू में गूंजा 'स्वच्छता ही सेवा' का नारा



रोहतक। स्वच्छता ही सेवा है' का संकल्प लेकर आज महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के शैक्षणिक विभागों की राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाईयों) ने विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। एमडीयू के कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ ने इस एक दिवसीय एनएसएस स्वच्छता शिविर अभियान तथा स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर का शुभारंभ किया। मदवि कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग, निदेशक खेल कुलताज सिंह, निदेशक प्रो. अंजू धीमान समेत अन्य अधिकारी-कर्मी इस अवसर पर उपस्थित रहे। एमडीयू कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां ने कहा कि महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर उनके स्वच्छता के कालजयी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में एनएसएस वालंटियर्स का विशेष योगदान है।

शिविर में सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य जांचा



महम। महम नगर पालिका द्वारा सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। शिविर में नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा चिकित्सकों द्वारा उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं सावधानियों की जानकारी दी गई। नगर पालिका सचिव नवीन नंदल ने कहा कि सफाई कर्मचारी प्रतिदिन शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए कठिन परिस्थितियों में कार्य करते हैं। उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा नगर पालिका की जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया, ताकि समय रहते स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान की जा सके और कर्मचारियों को उचित चिकित्सकीय सलाह मिल सके।

स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का दिया संदेश



महम। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पालिका महम की ओर से एक दिन, एक घंटा, एक साथ अभियान चलाया। अभियान में नपा के जनप्रतिनिधियों और सफाई कर्मियों ने श्रमदान किया व लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। अभियान में सफाई निरीक्षक ब्रह्मजीत सिंह, उपप्रधान बसंत लाल गिरधर , मनोनीत पार्षद ऋषि भारद्वाज सहित सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर तय क्षेत्र में सफाई कार्य किया और कूड़ा-कचरा हटाकर आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाने में योगदान दिया। दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान ने देशभर में स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।

पीजीआईएमएस में नवप्रवेशित एमबीबीएस-2026 बैच की व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन

व्हाइट कोट केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि जिम्मेदारी ईमानदारी और मानव सेवा का प्रतीक : डॉ. अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के पीजीआईएमएस के लेक्चर थियेटर-5 में एमबीबीएस-2026 बैच के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को सफेद कोट पहनाकर चिकित्सा सेवा और मरीजों के प्रति कर्तव्य की शपथ दिलाई गई। कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल ने विद्यार्थियों को कहा कि व्हाइट कोट केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि जिम्मेदारी, ईमानदारी और मानव सेवा का प्रतीक है। आज से विद्यार्थी डॉक्टर बनने की राह पर आगे बढ़ रहे हैं और यह कोट उन्हें हमेशा याद दिलाएगा कि मरीज की सेवा उनका पहला कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पीजीआईएमएस का गौरवशाली इतिहास रहा है और यहां से शिक्षा प्राप्त करने वाले चिकित्सक देश-विदेश में संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कड़ी मेहनत, अनुशासन और करुणा के साथ अपनी पढ़ाई पूरी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा का पेशा सेवा का क्षेत्र है, जिसमें चिकित्सक को मरीजों की दुआएं कमाने का अवसर मिलता है। किताबों के ज्ञान के साथ विद्यार्थियों में मानवीय संवेदनाएं भी होना जरूरी है।



रोहतक। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल, निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल,कुलसचिव डॉ. रूप सिंह व अन्य सीनियर डॉक्टर।

एमबीबीएस के सफर के लिए शुभकामनाएं दीं

निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल ने कहा कि किताबी ज्ञान से विद्यार्थी परीक्षा पास कर सकते हैं, लेकिन एक अच्छा डॉक्टर मरीजों के बीच रहकर सीखता है। पीजीआईएमएस में मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने के पर्याप्त अवसर मिलेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को एमबीबीएस के सफर के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद सभी नवप्रवेशित एमबीबीएस विद्यार्थियों को सफेद कोट पहनाया गया और चिकित्सा शपथ दिलाई गई। सफेद कोट धारण करते समय विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास दिखाई दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. गोपाल ने किया।

प्रवेश लेना अंतिम लक्ष्य नहीं

कुलसचिव डॉ. रूप सिंह ने कहा कि एमबीबीएस में प्रवेश लेना अंतिम लक्ष्य नहीं है, बल्कि असली परीक्षा अब शुरू हुई है। अगले पांच वर्ष छात्र जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष हैं। अनुशासन, समय की पाबंदी और नैतिकता उन्हें अच्छा चिकित्सक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कहा कि विवि प्रशासन विद्यार्थियों को हरसंभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. एम.जी. वशिष्ठ, आईएमएच की निदेशक एवं सीईओ डॉ. सुजाता सेठी, डीन पीजीआईएमएस डॉ. अशोक चौहान, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सविता सिंघल, एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक मलिक, जनसंपर्क विभाग के सीनियर प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. मंजूनाथ सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, फैकल्टी सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

वैश्य कॉलेज में गांधी जयंती पर पौधरोपण

रोहतक। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पावन अवसर पर वैश्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों एवं वाईआरसी इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में एक भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. फूल सिंह ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गांधी जी ने हमेशा स्वच्छता और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया था, जिसे हमें अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारियों के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने परिसर में नीम, पीपल, तुलसी और गुलमोहर के 50 से अधिक पौधे रोपे। साथ ही, सभी छात्रों ने इन पौधों की देखभाल करने और पर्यावरण को प्लास्टिक-मुक्त बनाने का दृढ़ संकल्प लिया।

घनीपुरा गांधी आश्रम में श्रद्धांजलि सभा

रोहतक। गांधी आश्रम सोसाइटी घनीपुरा के प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिनी मनहेड़ा एवं स्वर्गीय मान सिंह मनहेड़ा की धर्मपत्नी रहीं, जबकि अध्यक्षता सोसाइटी के प्रमुख सेवादार एडवोकेट प्रवीन सिंह आर्य ने की। प्रसिद्ध गायक मंजीत मेहरा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर की गई। एडवोकेट प्रवीन सिंह आर्य ने दोनों महापुरुषों के आदर्शों को याद करते हुए युवाओं से उनके विचारों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

एमडीयू में सादगी से मनाई गांधी व शास्त्री जयंती, विद्यार्थियों ने दीं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां

राष्ट्रपिता ने सत्य, अहिंसा के बल पर दिलाई आजादी

कुलपति पूनिया ने युवाओं से किया सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। कार्यक्रम में भजन प्रस्तुत करते गायक कैलाश वर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर एक भव्य व गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां ने विद्यार्थियों से सत्य, अहिंसा और सेवा के संकल्प के साथ समाज व राष्ट्र निर्माण के सरोकारों से जुड़ने का पुरजोर आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता ने सत्य, अहिंसा के बल पर दी देश को आजादी दिलाई। छात्र कल्याण कार्यालय के संयोजन में आयोजित इस समारोह की शुरुआत दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस अवसर पर आयोजित 'भजन प्रभात' कार्यक्रम ने पूरे परिसर को भक्तिमय और देशप्रेम के रंग में सराबोर कर दिया। एमडीयू के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र और देश के प्रसिद्ध सूफी गायक कैलाश वर्मा ने अपनी मधुर आवाज में सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां- गांधी जी के प्रिय भजनों- वैष्णव जन तो तेने कहिए और रघुपति राघव राजा राम की सामूहिक स्वरलहरियों के साथ इस संगीतमय कार्यक्रम का बेहद भावुक समापन हुआ। इस पावन समारोह में कुलसचिव की पत्नी राखी बंसल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। साथ ही, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकास, डॉ. गुरदयाल, डॉ. नीतू और डॉ. शैरी की अगुवाई में भारी संख्या में एनएसएस वॉलंटियर्स ने पूरे उत्साह के साथ स्वच्छता अभियान और समारोह में हिस्सा लिया। इस मौके पर रोहतक शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने का संकल्प दिलाया

कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन, उनके विचार और देश के लिए दिया गया अतुलनीय योगदान हर पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। वहीं, कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सत्य के मार्ग पर चलने और अपने घर से लेकर कार्यक्षेत्र तक हर जगह स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम की शुरुआत में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सपना गर्ग ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन प्रो. सपना गर्ग और निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी द्वारा किया गया, जबकि मंच का कुशल संचालन छात्र कल्याण कर्मी नरेश अहलावत ने किया।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां, कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल,अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सपना गर्ग,शिक्षक, गैर-शिक्षण कर्मचारी व अन्य विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

अग्रवाल वैश्य समाज ने महात्मा गांधी को किया नमन

रोहतक। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर अग्रवाल वैश्य समाज रोहतक के पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सद्भाव के संदेश को याद किया। उन्होंने कहा कि गांधीजी के विचार आज भी समाज और देश को एकता, शांति एवं मानवता की राह दिखाते हैं। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष तायल, प्रदेश सचिव प्रेम गुप्ता, जिला अध्यक्ष प्रवीण जिंदल, संरक्षक अजेश गुप्ता, जिला सचिव दिनेश कंसल, जिला सचिव हरिओम, गौतम सर्राफ, ब्लॉक अध्यक्ष सुनील बुल्ली, संजय गुप्ता सहित समाज के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने गांधीजी के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।



रोहतक। महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते अग्रवाल वैश्य समाज के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

जींद रोड पर स्वच्छता अभियान से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर रोहतक के जींद रोड पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यकर्ताओं ने स्वयं सफाई की कमान संभालते हुए लोगों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने के लिए जागरूक किया। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक स्थानों की सफाई करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल विशेष अवसरों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे प्रत्येक नागरिक की नियमित जिम्मेदारी बनाना जरूरी है। पौधारोपण के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर जिला प्रभारी सभी प्रकोष्ठ डॉ. अशोक कुमार रंगा ने कहा कि महात्मा गांधी स्वच्छता को स्वस्थ समाज की बुनियाद मानते थे। उन्होंने कहा कि जब लोग स्वयं सफाई की जिम्मेदारी लेते हैं और पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प करते हैं, तभी समाज में सकारात्मक बदलाव का संदेश जाता है। स्वच्छता किसी एक व्यक्ति या संस्था की नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। स्वच्छता अभियान के जिला संयोजक फूल सिंह मोहर ने कहा कि स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि पौधा लगाना जितना जरूरी है, उतना ही उसकी नियमित देखभाल कर उसे वृक्ष बनाना भी महत्वपूर्ण है। अभियान में जिला कार्यालय सचिव बीर सिंह हुड्डा, जिला उपाध्यक्ष सुखबीर चंदेलिया, जिला सचिव बबीता सोनी, धर्मेंद्र सैनी, सरदार जय भगवान और अमरनाथ सोलंकी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

- स्वच्छता केवल विशेष अवसरों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे प्रत्येक नागरिक की नियमित जिम्मेदारी बनाना जरूरी

भाषण प्रतियोगिता में दिखी देशभक्ति की झलक



रोहतक। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रोहतक में गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती एवं स्वच्छता दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता के विचारों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के आदर्शों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। संस्थान के प्राचार्य राजपाल सिंधु ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों महान विभूतियों के जीवन एवं विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

बापू का सत्य और अहिंसा का रास्ता समाज को जोड़ने की सबसे बड़ी ताकत : भारत भूषण बत्रा

रोहतक। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर डी-पार्क स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के चित्र पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विधायक भारत भूषण बत्रा ने कहा कि दोनों महापुरुषों का जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा का उदाहरण रहा है। बत्रा ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को जन-जन का आंदोलन बनाया। उन्होंने कठिनाइयां सहीं और व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं का त्याग करते हुए लोगों में आत्मसम्मान और निर्भयता का भाव पैदा किया। गांधी जी का संदेश केवल राजनीतिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं था, बल्कि वे सामाजिक बराबरी, भाईचारे और अंतिम व्यक्ति के सम्मान की बात करते थे। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, ईमानदारी और दृढ़ नेतृत्व आज भी प्रेरणा देता है। वर्ष 1965 के युद्ध के दौरान उन्होंने देशवासियों और सैनिकों का मनोबल बढ़ाते हुए 'जय जवान, जय किसान' का संदेश दिया।






केवीएम स्कूल में गांधी जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

के.वी.एम. पब्लिक स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और देशभक्ति के आदर्शों से परिचित कराना रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के जीवन और विचारों पर आधारित भाषण, कविताएं तथा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। विद्यालय परिसर में स्वच्छता के महत्व को लेकर विशेष गतिविधि भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मीना कौशिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत आज भी समाज को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वच्छता, अनुशासन और जिम्मेदारी को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांधी जी का जीवन सादगी, सेवा और सत्य के प्रति समर्पण का उदाहरण है। विद्यार्थियों को उनके विचारों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझना चाहिए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

भाजपाइयों ने बापू को अर्पित किए श्रद्धा सुमन स्वच्छता और जनसेवा का दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने शहर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान स्वच्छता, सेवा और राष्ट्रहित के प्रति उनके विचारों को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। डी-पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल संयोजक रहे। वहीं वैश्य स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का संयोजन अमित बंसल ने किया। दोनों कार्यक्रमों में भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल और पूर्व महापौर मनमोहन गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और सेवा के प्रति समर्पित रहा। उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा देने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता और सेवा को जनअभियान का रूप देकर गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल और पूर्व महापौर मनमोहन गोयल ने कहा कि गांधी जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में सेवा, सद्भाव और स्वच्छता की भावना को मजबूत करना सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर दीपक हुड्डा, रमेश भाटिया, डॉ. कुल्ताज, अशोक खुराना, नितिन जैन, मनीष शर्मा, अमित मग्गू, वीना सिक्का, धर्मवीर सिंह, नरेंद्र वत्स, हरिओम मित्तल, सुनील राठौर आदि रहे।

जागरूकता की अलख जगा रहा सेवा संकल्प अभियान : मंजू हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करतीं जिला परिषद रोहतक की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा।

सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को गढ़ी सांपला किलोई हल्के के गांव भालौठ में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद रोहतक की चेयरपर्सन एवं गढ़ी सांपला किलोई से भाजपा प्रत्याशी मंजू हुड्डा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का संयोजन सुनील फौगाट ने किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने ग्रामीणों को सामाजिक कुरीतियों, नशे के दुष्प्रभाव, स्वच्छता और जनजागरूकता से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश दिए। प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया और लोगों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर मंजू हुड्डा ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प है। प्रयास है कि सेवा और जागरूकता का संदेश गढ़ी सांपला किलोई हल्के के प्रत्येक गांव और परिवार तक पहुंचे। नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम सामाजिक बुराइयों और नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने का प्रभावी माध्यम हैं। इस मौके पर जिला पार्षद प्रतिनिधि राजेश भालौठ, कुलदीप आसन मंडल अध्यक्ष, रवि हुड्डा, ऋषिपाल फौजी, प्रीति, चंद्रभान आदि मौजूद रहे।

न्यूज डायरी



डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में हुई मैराथन

रोहतक। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल, कलानौर की ओर से के तहत 2 किलोमीटर मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मैराथन का शुभारंभ मेडिकल मोड़, कलानौर से हुआ। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने करीब दो किलोमीटर की दूरी तय करते हुए जिंद्रान बाईपास तक दौड़ लगाई। आयोजन के दौरान प्रतिभागियों में खासा उत्साह नजर आया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, मैराथन का उद्देश्य विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के सिद्धांतों से प्रेरित करने के साथ उन्हें स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रीतम पाल, डायरेक्टर (पीएस) वीके चोपड़ा, मैनेजर अनीता वडेरा और एआरओ सुनीता बहल ने विद्यालय परिवार को कार्यक्रम के सफल आयोजन पर बधाई दी।



टाइम्स स्कूल में दिया सत्य अहिंसा पर चलने का संदेश

सांपला। कसरेटी गांव स्थित टाइम्स इंटरनेशनल स्कूल में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने दोनों महान विभूतियों के जीवन और विचारों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम में कक्षा छठी के विद्यार्थियों ने 'जय जवान, जय किसान' विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। शनाया, सानवी, मुस्कान, नमन, आंचल, अंशिका, ईशा, योगिता, प्रियांशी, रिद्धि और भूमिका सहित अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या संगीता तोमर ने विद्यार्थियों को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, विचारों और राष्ट्र के प्रति योगदान से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि दोनों महापुरुषों का जीवन सादगी, कर्तव्यनिष्ठा, साहस और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों तथा शास्त्री जी की ईमानदारी, अनुशासन और देशभक्ति को अपने जीवन में अपनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और समाज व राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

NOTICE

I, Ram Gopal S/o Shri Devi Singh R/o VPO Sampal Distt. Rohtak, Haryana declare that I have dispossess my son Bajrang and his wife Sherani from my all moveable and immoveable property. I and my family shall not be responsible for them, if they shall made any transaction with any person.

Govt. Regd.
WINTRON LIBRARY
...peaceful place to win your dreams

FACILITIES
- Peaceful with strict disciplined & Motivational environment
- Situated in Sec-14 in front of MDU Gate No. 2
- Best Lighting for study
- Separate Seats for Girls
- Employment Newspaper
- Well furnished & Fully A.C.
- Free Wi-Fi Zone
- 24x7 power backup
- Parking Facility
- CCTV Surveillance
- Reserve Seats Available
- Fix Seats Available
- Seats with Computer Facility available

Address: SCO-6, Sector-14, Rohtak
Contact: 8930246662

SHRI GORAKH CYBER CAFE
Online Services | CSC | Print | Scan | Photocopy
CSC & जनसेवा केन्द्र
CSC ID: 464546120011
आवश्यकता है
COMPUTER OPERATOR
(MALE/FEMALE)
पद: Computer Operator (M/F)
योग्यता: Basic Computer Knowledge
समय: Full Time स्थान: Rohtak
संपर्क: 9812515432
Shri Gorakh Cyber Cafe Janta Colony, Rohtak

800 मीटर में भिवानी की हिना प्रथम और अंबाला की रिधिमा ने पाया द्वितीय स्थान

कुरुक्षेत्र के गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम में राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

डिस्कस थ्रो में रोहतक के निश्चय ने पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गीता ज्ञान उपदेश नगरी कुरुक्षेत्र के गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम में 39वीं हरियाणा राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का 3 दिवसीय भव्य शुभारंभ एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह के कर-कमलों द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि 2 से 4 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के युवा एथलीट अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। महासचिव प्रदीप मलिक ने पहले दिन के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि अंडर-20 लड़कियों की 800 मीटर दौड़ में भिवानी की हिना ने प्रथम, अंबाला की रिधिमा ने द्वितीय और पानीपत की साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं लड़कों के इसी वर्ग में महेंद्रगढ़ के दीपेंद्र प्रथम, हिसार के हितेश द्वितीय और भिवानी के मोहित तृतीय रहे। डिस्कस थ्रो अंडर-20 लड़कियों में हिसार की रिद्धि प्रथम, पानीपत की मन्नत फौगाट द्वितीय और चरखी दादरी की रौनक तृतीय रहीं।



रोहतक। माननीय दिलबाग सिंह अध्यक्ष एथलेटिक्स हरियाणा एवं अन्य पदाधिकारी पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

पलवल के देव चौहान को दूसरा और चरखी दादरी के धीरज साहू को तीसरा स्थान

अंडर-18 लड़कों के डिस्कस थ्रो में रोहतक के निश्चय ने बाजी मारते हुए पहला, पलवल के देव चौहान ने दूसरा और चरखी दादरी के धीरज साहू ने तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कियों के इसी वर्ग में ओशिन (हिसार) ने प्रथम, नैन्सी (जींद) ने द्वितीय और प्रियांशी (गुरुग्राम) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा ट्रिपल जंप मुकाबलों में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संघ के तमाम पदाधिकारी व कोच मौजूद रहे जिन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया।

एशियन गेम्स में भारतीय महिला हॉकी टीम ने जीता सोना

हॉकी स्टार दीपिका सहरावत का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन, प्रतियोगिता में दागे 21 गोल

- उज्बेकिस्तान के खिलाफ 8 और थाईलैंड के विरुद्ध 9 गोल किए
- टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाली खिलाड़ी बनीं दीपिका
- कुश्ती से शुरू किया सफर, हॉकी में बढ़ाया देश का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



एशियाई खेलों में भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपने शानदार और आक्रामक खेल से स्वर्ण पदक जीता। इस ऐतिहासिक अभियान में रोहतक जिले के भैंसरू खुर्द गांव की बेटी दीपिका सहरावत ने अपने उम्दा प्रदर्शन से नया इतिहास रच दिया है। वर्तमान में हिसार निवासी दीपिका ने टूर्नामेंट में गोल की झड़ी लगा दी है। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में भारतीय टीम ने उज्बेकिस्तान को 19-0 के विशाल अंतर से हराया, जिसमें दीपिका ने अकेले 8 गोल दागे। इसके बाद थाईलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने 20-1 से शानदार जीत दर्ज की, जिसमें दीपिका ने बेहतरीन ड्रैग-फ्लिक का प्रदर्शन करते हुए 9 गोल अपने नाम किए। पूरी प्रतियोगिता के दौरान अपने आक्रामक खेल का लोहा मनवाते हुए दीपिका ने कुल 21 गोल दागे और टूर्नामेंट की सबसे ज्यादा गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं। शुरुआती दौर में कुश्ती के अखाड़े की तरफ कदम बढ़ाने वाली दीपिका ने बाद में हॉकी स्टिक थामी और आज अपनी मेहनत के दम पर देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा कर दिया है। उनकी इस उपलब्धि से रोहतक सहित पूरे हरियाणा में जश्न का माहौल है।

एशियन गेम्स में सिल्वर मेडल जीतकर लौटीं शूटर आशिमा का भव्य स्वागत

रोहतक। शहर के सेक्टर-14 की रहने वाली अंतर्राष्ट्रीय शूटर आशिमा अहलावत ने एक बार फिर देश और रोहतक का नाम रोशन किया है। आशिमा ने एशियन गेम्स के महिला ट्रैप टीम इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया है। शुक्रवार को रोहतक लौटने पर आशिमा का बेहद भव्य स्वागत किया गया और एक शानदार जुलूस के साथ उन्हें उनके घर लाया गया। इस दौरान परिजनों और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

ओलंपिक कोटा हासिल करना लक्ष्य

मेडल जीतने के बाद बातचीत करते हुए आशिमा अहलावत ने कहा कि ओलंपिक और एशियन गेम्स में देश के लिए मेडल जीतना उनका हमेशा से सपना रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता काफी कड़ी और चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन आखिरी क्षणों में खुद को मानसिक रूप से मजबूत और मोटिवेट रखते हुए उन्होंने सटीक निशाना साधा और पदक अपने नाम किया। आशिमा ने आगे कहा कि उनका अगला मुख्य फोकस ओलिंपिक के लिए कोटा हासिल करना और देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना है। इसके लिए वे जल्द ही दोबारा शूटिंग रेंज में कड़ी मेहनत शुरू करेंगी।



टीवी पर मनु भाकर को देखकर जागी थी शूटिंग की जिज्ञासा

अपनी प्रेरणा के बारे में बात करते हुए आशिमा ने दिलचस्प खुलासा किया कि उन्होंने लिविंग रूम में टीवी पर स्टार शूटर मनु भाकर को देखकर शूटिंग सीखने की इच्छा जताई थी। जब उन्होंने अपनी मां के सामने शूटिंग सीखने की बात रखी, तो उनकी मां ने एक शर्त रखी कि पहले 12वीं कक्षा में 98 प्रतिशत अंक लेकर आएं। आशिमा ने इस चुनौती को स्वीकार किया और कड़ी मेहनत करते हुए 12वीं में 98.6 प्रतिशत अंक हासिल किए, जिसके बाद उन्हें शूटिंग शुरू करने की अनुमति मिली। शुरुआत में वह अपनी बहन के साथ मजे-मजे में कुश्ती के अखाड़े में भी जाया करती थीं, लेकिन जब उन्होंने पहली बार शॉट गन रेंज का रुख किया तो उन्हें यह खेल भा गया।



डीसी ने एशियाई खेलों के पदक विजेता देवांक को किया सम्मानित

रोहतक। उपायुक्त सतबीर सिंह ने कहा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की प्रभावी खेल नीति से राज्य के खिलाड़ी लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सरकार द्वारा नकद पुरस्कार और रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इस दौरान उपायुक्त ने एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले रोहतक के उभरते हुए खिलाड़ी देवांक दलाल को उनके कैंप कार्यालय में विशेष रूप से सम्मानित किया।

एशिया अंडर-16 टेनिस में रोहतक के प्रांजय सिवाच बने नंबर-1

अहमदाबाद एशियन ग्रेड-1 टूर्नामेंट के अंडर-16 सिंगल्स में जीता स्वर्ण पदक

- आईटीएफ जे-30 लखनऊ के डबल्स में रहे उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा के युवा टेनिस खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाना जारी रखा है। इसी कड़ी में रोहतक के उभरते हुए युवा टेनिस खिलाड़ी प्रांजय सिवाच ने एशिया अंडर-16 टेनिस में नंबर-1 रैंक हासिल कर रोहतक सहित पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से क्षेत्र के खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह और खुशी का माहौल है। प्रांजय ने अपनी बेहतरीन फॉर्म को बरकरार रखते हुए पिछले सप्ताह अहमदाबाद में आयोजित प्रतिष्ठित एशियन ग्रेड-1 टूर्नामेंट के अंडर-16 सिंगल्स वर्ग में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। कड़े मुकाबले और चुनौतीपूर्ण दौर से गुजरते हुए उन्होंने टूर्नामेंट के शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाया।



शानदार खेल सफर

- अंडर-14 वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- जालंधर में नेशनल सीरीज अंडर-18 का खिताब जीता।
- जालंधर में नेशनल सीरीज अंडर-16 का खिताब अपने नाम किया।
- आईटीएफ जे-30 लखनऊ में एशियन अंडर-16 डबल्स के उपविजेता रहे।
- भविष्य में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर बड़े खिताब जीतना लक्ष्य है।
- माता-पिता, प्रशिक्षकों, कोचों और खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

खबर संक्षेप

सेवा शिविर के तहत फ्री हेल्थ चेकअप कैंप आज

रोहतक। मानव कल्याण सोसाइटी की ओर सेवा शिविर के दूसरे दिन शनिवार को निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप लगाया जाएगा। इसमें विभिन्न प्रकार के टेस्ट निशुल्क किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य लाभ उठा सकें। सोसाइटी के सदस्यों ने लोगों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और समय पर पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य जांच करवाएं। इस अवसर पर सोसाइटी के सदस्य सुंदर लाल मड़िया, रमेश मड़िया, राकेश सुनेजा, गुलशन, राय नारंग, निखिल नारंग, सचिन गुप्ता आदि मौजूद रहेंगे।

बखेता में 'सेवा पखवाड़ा' के तहत पौधरोपण

रोहतक। माई भारत और दादी पिलाशन युवा शक्ति संगठन ने गांव बखेता में 'सेवा पखवाड़ा' के तहत पौधरोपण अभियान चलाया। युवाओं ने छायादार व फलदार पौधे लगाए और उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लिया। क्लब अध्यक्ष कुनाल बखेता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए।

बैंक, यूपीआई आईडी और ट्रांजेक्शन से जुड़े डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित रखने की सलाह

साइबर ठगी के बाद चुप्पी भारी, गोल्डन ऑवर में 1930 पर शिकायत से बच सकती है रकम

- अनजान लिंक, रिमोट एक्सेस एप और फर्जी कस्टमर केयर से रहें सतर्क
- पूरे अक्टूबर माह स्कूल-कॉलेज, बाजार और सार्वजनिक स्थानों पर चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

साइबर ठगी में पैसा कुछ सेकंड में खाते से निकल सकता है, लेकिन उसी समय की गई एक फोन कॉल ठगी की रकम को आगे जाने से रोकने की कोशिश में अहम साबित हो सकती है। इसी संदेश के साथ रोहतक पुलिस ने साइबर जागरूकता अभियान के तहत लोगों को 'गोल्डन ऑवर' का महत्व समझाया। पुलिस ने बताया कि ऑनलाइन ठगी का शिकार होने के बाद शुरुआती समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। पीड़ित जितनी जल्दी 1930 पर शिकायत दर्ज कराएगा, संबंधित बैंक, वित्तीय संस्थान, पेमेंट प्लेटफॉर्म और साइबर पुलिस के स्तर पर आवश्यक कार्रवाई उतनी जल्दी शुरू हो सकती है।

राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत जिला पुलिस की ओर से अक्टूबर में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अभियान के दूसरे दिन थाना साइबर क्राइम रोहतक की टीम ने कबीर कॉलोनी स्थित धर्मशाला में आमजन को साइबर ठगी से बचाव और ठगी होने के बाद उठाए जाने वाले तत्काल कदमों की जानकारी दी।

खाते में रकम जाने के बाद रिकवरी मुश्किल

थाना साइबर क्राइम रोहतक के मोहन कुमार ने बताया कि साइबर फ्रॉड के बाद शुरुआती समय को गोल्डन ऑवर माना जाता है। इस दौरान 1930 पर शिकायत मिलने से ठगी की रकम को आगे ट्रांसफर होने से रोकने, खाते पर होल्ड या लियन लगाने और डिजिटल ट्रेल सुरक्षित रखने के प्रयास किए जा सकते हैं। पुलिस ने बताया कि रकम कई खातों में पहुंचने पर उसकी रिकवरी का प्रयास जटिल हो सकता है।

शर्म, डर या घबराहट के कारण चुप न रहें

पुलिस टीम ने लोगों से कहा कि साइबर ठगी का शिकार होने के बाद शर्म, डर या घबराहट के कारण चुप बैठना नुकसान बढ़ा सकता है। ठगी की जानकारी मिलते ही 1930 पर कॉल करने के साथ उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखना चाहिए। पुलिस के अनुसार, समय पर मिली जानकारी जांच के दौरान महत्वपूर्ण कड़ी बन सकती है।

व्हाट्सएप चैट और स्क्रीनशॉट रखें सुरक्षित

साइबर फ्रॉड होने के बाद पीड़ित को ठगी से जुड़े सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने चाहिए। इनमें ठगी करने वाले मोबाइल नंबर, व्हाट्सऐप चैट, स्क्रीनशॉट, बैंक खाते की जानकारी, यूपीआई आईडी, ट्रांजेक्शन आईडी, बैंक स्टेटमेंट, कॉल डिटेल और संदिग्ध लिंक शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, इन जानकारियों से साइबर जांच को आगे बढ़ाने और लेनदेन की कड़ी तलाशने में मदद मिल सकती है।

वीडियो कॉल करने वालों से भी सतर्क रहें

पुलिस ने नागरिकों को सलाह दी कि अनजान व्यक्ति के साथ पासवर्ड या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें। अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें और किसी के कहने पर संदिग्ध या रिमोट एक्सेस एप्लीकेशन इंस्टॉल न करें। फर्जी पुलिस अधिकारी, सरकारी अधिकारी या बैंक अधिकारी बनकर वीडियो कॉल करने वालों से भी सतर्क रहें।

सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक किया जाएगा



अक्टूबर माह में साइबर जागरूकता अभियान जारी रहेगा। स्कूल-कॉलेजों, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों और विभिन्न संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों, व्यापारियों और आम नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक किया जाएगा। -गौरव राजपुरोहित पुलिस अधीक्षक रोहतक

ठगी के नए तरीकों पर भी नजर

पुलिस लोगों को डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन निवेश, यूपीआई फ्रॉड, फर्जी कस्टमर केयर और फिशिंग जैसे साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दे रही है।



भाजपा नेता गुलशन भाटिया की भतीजी के निधन पर अनिल विज ने जताया दुःख

मतदाता सूची में नाम हटाना और जोड़ना आयोग की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि मतदाता सूचियों को अपडेट और शुद्ध रखना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मृतक, स्थायी रूप से दूसरी जगह जा चुके और अपात्र लोगों के नाम हटाने के साथ पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया जरूरी है। विज शुक्रवार को वरिष्ठ भाजपा नेता गुलशन भाटिया के आवास पर उनकी भतीजी स्व. सीमा के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में खिलाड़ियों को मिल रही सरकारी सुविधाओं और मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर अपनी बात रखी। हरियाणा के खिलाड़ियों को मिल रही सरकारी सुविधाओं के सवाल पर विज ने कहा कि प्रदेश सरकार हमेशा खिलाड़ियों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी खेल मंत्री रह चुके हैं और सरकार खिलाड़ियों को विशेष दर्जा देती है। हरियाणा के खिलाड़ी लगातार पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। सरकार की ओर से खिलाड़ियों को उचित सम्मान और सुविधाएं दी जा रही हैं।

डायल 112 पर झूठी सूचना देने पर कार्रवाई

रोहतक। डायल 112 पर झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने के मामले में शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 22 सितंबर को डायल 112 के माध्यम से पुलिस को फोन छीने जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही थाना शिवाजी कॉलोनी में तैनात मुख्य सिपाही नवीन कुमार ने मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान सामने आया कि टिंकू पुत्र राम सागर निवासी सैरयां, गोपामऊ, हरदोई, उत्तर प्रदेश, हाल किरायेदार शीतल नगर, रोहतक ने अपने दोस्त का फोन छीनने के संबंध में डायल 112 पर सूचना दी थी। पुलिस जांच में सामने आया कि दी गई सूचना तथ्यों के अनुरूप नहीं थी। पुलिस के अनुसार, युवक ने झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह किया। इससे मौके पर पहुंची इवीआर के सरकारी संसाधनों और पुलिस कर्मचारियों के समय का भी इस्तेमाल हुआ। पुलिस ने झूठी सूचना देने के मामले में आरोपी के खिलाफ थाना शिवाजी कॉलोनी में कार्रवाई की है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

एमडीयू में पीएचडी प्रवेश के लिए 15 अक्टूबर तक आवेदन



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न विषयों में पीएचडी प्रवेश की अधिसूचना जारी की है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर है। कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां ने पीएचडी प्रवेश लिंक का लोकार्पण किया। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणदीप राणा ने बताया कि यूजीसी नेट कैटेगरी-1 के लिए साक्षात्कार 21 व 22 अक्टूबर को होंगे और पहली मैरिट सूची 23 अक्टूबर को जारी होगी। काउंसिलिंग 27 अक्टूबर को होगी। सीटें खाली रहने पर कैटेगरी-1, 2 और 3 के लिए दो नवंबर से दोबारा पंजीकरण शुरू होगा। पीएचडी कोर्सवर्क की कक्षाएं एक दिसंबर से शुरू होंगी।

गांव की चौपाल पर पहुंचे डीसी, जानी समस्याएं और सुविधाओं की हकीकत



रोहतक। विशेष ग्राम सभा के अवसर पर उपायुक्त सतबीर सिंह ने बहु जमालपुर पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने गांव की रोजमर्रा की जरूरतों, उपलब्ध सुविधाओं और सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी ली। ग्रामीणों ने भी विभिन्न समस्याएं उनके सामने रखीं। उपायुक्त ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।गांव पहुंचने पर सरपंच संजय, पंचायत सदस्यों और गणमान्य लोगों ने उपायुक्त का स्वागत किया। उपायुक्त ने खेती-बाड़ी, पशुपालन, पेयजल व्यवस्था और पशुओं के वैक्सीनेशन की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने को लेकर भी ग्रामीणों से फीडबैक लिया। गांव में बेटियों के हॉकी के प्रति बढ़ते रुझान की सराहना करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री जागृति पुरस्कार मिलने पर ग्रामवासियों को बधाई दी। भाईचारे, स्वच्छता और सार्वजनिक धरोहरों के बेहतर रखरखाव की भी सराहना की।

बोहर में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम गर्भवती महिलाओं की कराई गोद भराई

रोहतक। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत बोहर गांव में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की पौष्टिक टोकरी से गोद भराई की रस्म करवाई गई और उन्हें गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान पार्षद मनीषा नांदल ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को बच्चों के संतुलित आहार, पोषण, स्वास्थ्य और समुचित शारीरिक एवं मानसिक विकास के संबंध में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बच्चों के नियमित टीकाकरण और पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं और सेवाओं की जानकारी भी उपस्थित लोगों को दी गई। कार्यक्रम में बच्चों के लिए चित्रकला और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। बाल विकास परियोजना अधिकारी शालिनी ने कहा कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और विकास के लिए अभिभावकों को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी बातों के प्रति जागरूक रहना जरूरी है।




आधुनिक डायग्नोस्टिक तकनीकों और कई विषयों पर विशेषज्ञ करेंगे मंथन

32 ओरल व 74 पोस्टर प्रेजेंटेशन में शोध किए जाएंगे प्रस्तुत

पीजीआई में आज से ब्रेस्ट पैथोलॉजी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस, 325 से अधिक डेलीगेट होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के पैथोलॉजी विभाग की ओर से 3 और 4 अक्टूबर को ब्रेस्ट पैथोलॉजी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस एवं वर्कशॉप-2026 का आयोजन किया जाएगा। सुश्रुत ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाली दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में देशभर से 325 से अधिक डेलीगेट हिस्सा लेंगे। कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल करेंगे। आयोजन को लेकर पैथोलॉजी विभाग की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कॉन्फ्रेंस की आयोजन अध्यक्ष एवं पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता सिंह ने



बताया कि कार्यक्रम में अमेरिका से दो विशेषज्ञ इंटरनेशनल फैकल्टी के रूप में शामिल होंगे। इनमें ब्राउन यूनिवर्सिटी के वॉरेन अल्पर्ट मेडिकल स्कूल के प्रोफेसर डॉ. कमलजीत सिंह और ओएसएफ सेंट फ्रांसिस मेडिकल सेंटर, यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनोइस की डॉ. विदु कौशिक शामिल हैं। इसके अलावा देश के विभिन्न मेडिकल संस्थानों से पैथोलॉजिस्ट, क्लीनिशियन, पीजी विद्यार्थी और रिसर्चर भी कॉन्फ्रेंस में पहुंचेंगे। कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य ब्रेस्ट पैथोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे नए बदलावों और आधुनिक डायग्नोस्टिक तकनीकों पर विशेषज्ञों के बीच विचार-विमर्श करना है। इसमें हिस्टोपैथोलॉजिकल क्लासिफिकेशन, ब्रेस्ट साइटोलॉजी, स्पेसिमेन ग्रॉसिंग एवं सैंपलिंग, इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री, बायोमार्कर, मॉलिक्यूलर पैथोलॉजी और डायग्नोस्टिक पिटफॉल्स जैसे विषयों पर चर्चा होगी। कठिन और दुर्लभ ब्रेस्ट लेशन की स्लाइड आधारित प्रैक्टिकल लर्निंग पर भी विशेष जोर रहेगा।

डायग्नोस्टिक गलतियों से बचने के तरीकों पर होगी चर्चा

आयोजन सचिव प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में एक्सपर्ट लेक्चर, इंटरैक्टिव सेशन, ओरल व पोस्टर प्रेजेंटेशन, स्लाइड बेस्ड टीचिंग और मल्टीडिसिप्लिनरी पैनल डिस्कशन होंगे। पैपिलरी, लोबुलर, स्पिंडल सेल, फाइब्रोएपिथेलियल और निप्पल लेशन समेत विभिन्न विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। आईएचसी इंटरप्रिटेशन और डायग्नोस्टिक गलतियों से बचने के तरीकों पर भी चर्चा होगी। कुल 32 ओरल और 74 पोस्टर प्रेजेंटेशन में ब्रेस्ट कार्सिनोमा, इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री, मॉलिक्यूलर सबटाइप, बायोमार्कर, साइटोलॉजी और दुर्लभ ट्यूमर से जुड़े शोध प्रस्तुत किए जाएंगे।

खेल-खेल में बच्चों ने सीखा पोषण और स्वच्छता का पाठ



रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के तहत शुगर मिल कॉलोनी स्थित आंगनवाड़ी कम प्ले स्कूल में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बच्चों के साथ अभिभावकों और स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने खेल व रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को सीखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई। अभिभावकों को बच्चों के संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या और प्रारंभिक शिक्षा में सहभागिता के महत्व के बारे में बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आंगनवाड़ी केंद्रों को बच्चों, अभिभावकों और समुदाय के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बनाया जा रहा है। विभागीय योजनाओं और सेवाओं की जानकारी पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद प्रवीण कौशिक विशिष्ट अतिथि रहे।